web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शनिवार 09 मार्च 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 162

## महत्वपूर्ण एवं खास

### 10 मई को खुलेगा श्री केदारनाथ धाम का कपाट

**देहरादून (आरएनएस)।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शिव भक्तों के लिए खुशखबरी है। ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग श्री केदारनाथ धाम के कपाट 10 मई को सुबह 7 बजे खुलेंगे। यह जानकारी श्री बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति ने दी है। मंदिर समिति ने बताया कि पंचमुखी डोली 6 मई को श्री केदारनाथ धाम के लिए प्रस्थान करेगी और विभिन्न पड़ावों से होते हुए नौ मई की शाम को केदारनाथ धाम पहुंचेगी। कपाट खुलने की तिथि पचकदार गद्दी स्थल श्री ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ में श्री बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय की मौजूदगी में आयोजित एक धार्मिक समारोह में तय की गई है। गौर हो कि श्री केदारनाथ धाम उत्तराखंड के सबसे प्रसिद्ध मंदिरों में से एक है। हिमालय की चोटी और बर्फ से ढकी पहाडिय़ों के बीच भगवान शिव के इस मंदिर के दर्शन के लिए देश-विदेश से श्रद्धालु आते हैं। केदारनाथ मंदिर भारत के उत्तराखण्ड राज्य के रुद्रप्रयाग जिले में स्थित है। उत्तराखंड में हिमालय पर्वत की गोद में स्थित केदारनाथ मंदिर बारह ज्योतिर्लिंग में से एक है।

### छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना की पहली किस्त 10 मार्च को

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ की विष्णु देव साय सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक और गारंटी का जल्द ही प्रदेशवासियों को लाभ देने जा रही है। महतारी वंदन योजना की पहली किस्त 10 मार्च को महिलाओं के खाते में हस्तांतरित की जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शुक्रवार को अपने एक्स पर लिखा, महतारी वंदन योजना की पहली किस्त 10 मार्च को खातों में हस्तांतरित की जाएगी। इस योजना से 70 लाख महिलाएं लाभान्वित होंगी। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रदेश में महतारी वंदन योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। योजना अंतर्गत लगभग 70 लाख महिलाओं ने आवेदन किए हैं। योजना का कियान्वयन सुचारू रूप से सुनिश्चित किये जाने के लिए राज्य मुख्यालय के साथ-साथ प्रत्येक जिले में कंट्रोल रूप स्थापित करते हुए हेल्पलाईन नंबर जारी किया गया है, ताकि किसी भी महिला हितग्राही को कोई समस्या हो तो इस हेल्पलाईन नंबर पर फोन कर अपनी समस्या का निराकरण कर सके। महतारी वंदन योजना के तहत राज्य की महिलाओं को पूरे साल में सरकार की ओर से 12 हजार दिए जाएंगे। यह राशि हर माह हजार रुपए के हिसाब से मिलेगी।

### इंफोसिस के फाउंडर नारायण मूर्ति की पत्नी सुधा मूर्ति राज्यसभा के लिए मनोनीत

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** इंफोसिस के फाउंडर नारायण मूर्ति की पत्नी, मशहूर लेखिका और समाजसेविका सुधा मूर्ति को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है। इसकी घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर की। इसके साथ ही उन्होंने इसे नारी शक्ति का प्रमाण बताया। सुधा मूर्ति देश की जानी-मानी शिक्षिका होने के साथ-साथ लेखिका भी हैं। इसके अलावा वह इंफोसिस फाउंडेशन की अध्यक्ष भी हैं। वरिष्ठ लेखिका और समाजसेविका सुधा मूर्ति को साल 2023 में राष्ट्रपति ने उनके सामाजिक कार्यों के लिए पद्म भूषण से नवाजा था। इसके पहले उन्हें साल 2006 में पद्मश्री से भी सम्मानित किया जा चुका है।

# शिव बारात के दौरान बड़ा हादसा : झंडे से टकराया हाईटेंशन तार, करंट की चपेट में आने से 14 बच्चे झुलसे

**कोटा । आरएनएस**



राजस्थान के कोटा शहर में कुन्हाड़ी थर्मल चौराहे के पास दोपहर साढ़े 12 बजे के करीब महाशिवरात्रि पर निकाली जा रही शिव बारात के दौरान हादसा हो गया। हाइटेंशन वायरल की चपेट में आने से 14 बच्चे झुलस गए। एक बच्चे की हालत नाजुक बनी हुई है। सभी बच्चों को एमबीबीएस अस्पताल में भर्ती किया गया है।

जानकारी के अनुसार, शिव बरात में कई बच्चे धार्मिक झंडे लेकर चल रहे थे। इस दौरान एक झंडा हाइटेंशन लाइन से टच हो गया। इससे यह हादसा हो गया। प्रशासन भी सक्रिय हो गया है। हादसे की जानकारी मिलते ही मेडिकल टीम को अलर्ट कर दिया गया है। आईजी रविदत्त गौड़ ने बताया एक बच्चा 70 प्रतिशत और एक 50 प्रतिशत झुलस गया है। शेष बच्चे 10 प्रतिशत तक झुलसे हैं। बच्चों की उम्र नौ से 16 साल बताई जा रही है।

इस घटना पर लोकसभा के स्पीकर ओम बिरला ने दुख जाहिर किया है। वे बच्चों का हाल जानने के लिए अस्पताल पहुंचे हैं। उन्होंने बच्चों के इलाज के लिए हर संभव मदद देने की बात कही है। उन्होंने डॉक्टरों से भी बात की। उन्होंने यह भी कहा कि जरुरत हुई तो बच्चों को इलाज के लिए जयपुर ले जाया जाएगा।

## महाशिवरात्रि पर काशी विश्वनाथ और शिवालयों में उमड़े श्रद्धालु

**लखनऊ (आरएनएस)।** महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर उत्तर प्रदेश के शिव मंदिरों पर भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। इस अवसर पर बनारस के काशी विश्वनाथ मंदिर, बाराबंकी के महादेवा मंदिर और लखनऊ के मनकामेश्वर में श्रद्धालु दर्शन करने के लिए भारी संख्या में पहुंच रहे हैं। यहां भोर से ही हर-हर महादेव की गूंज सुनाई दे रही है।



श्रीकाशी विश्वनाथ धाम क्षेत्र में गुरुवार की आधी रात के बाद से ही श्रद्धालुओं का रेला उमडऩा शुरू हो गया। महाशिवरात्रि की भोर में ही बाबा के दर्शन पाने के लिए श्रद्धालुओं ने सभी पांचों प्रवेश द्वारों पर लंबी-लंबी कतारें लगा ली।

बाराबंकी के श्री लोधेश्वर महादेवा में महाशिवरात्रि पर लगने वाले पारंपरिक मेले में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। जलाभिषेक के लिए गुरुवार शाम से ही कतारें लग गई।

कानपुर में बाबा भोलेनाथ के दर्शन के लिए भक्तों ने देर रात से मंदिरों में लाइन लगाई। मंदिर के पट खुलते ही श्रद्धालुओं ने दर्शन पूजन किया। शहर के आनंदेश्वर मंदिर, जागेश्वर मंदिर, वनखंडेश्वर मंदिर, सिद्धनाथ मंदिर, नागेश्वर मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ी। शिवभक्तों ने हर-हर महादेव शंभू काशी विश्वनाथ गंगे व बम भोले का उद्घोष कर पूरा प्रांगण जोश व भक्ति से भर दिया।

इस साल महाशिवरात्रि पर सर्वार्थ सिद्धि योग, शिव योग जैसे कई शुभ योग हैं। इसको देखते हुए मंदिरों के साथ घरों में पूजन के विशेष प्रबंध किए गए हैं। लखनऊ के डालीगंज स्थित मनकामेश्वर मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ दिखाई पड़ रही है। सुबह चार बजे से ही भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए लाइनों में लगे श्रद्धालु बम भोले के जयकारों के साथ अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। मंदिर परिसर में अधिक भीड़ होने के कारण सुरक्षाकर्मी भी मोर्चा संभाले हुए हैं।

संगम नगरी प्रयागराज में महाशिवरात्रि पर्व को लेकर भक्तों में खासा उत्साह देखने को मिला है। प्रयागराज के प्राचीन शिव मंदिरों व दूसरे शिवालयों में लोग दर्शन पूजन कर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद ले रहे हैं। श्रद्धालुओ की भीड़ को देखते हुए मंदिरों में इसके लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा के मद्देनजर सीसीटीवी कैमरे और बैरिकेडिंग लगाई गई है।

## आईएएफ का नवीनतम परिवहन विमान सी-295 एमडब्ल्यू पहली बार अगत्ती हवाई अड्डे पर उतरा

**नई दिल्ली । आरएनएस**



भारतीय वायु सेना के सबसे बड़े परिवहन विमानों में से एक सी-295 एमडब्ल्यू ने लक्षद्वीप के अगत्ती हवाई अड्डे पर अपनी पहली लैंडिंग की। आईएएफ ने कहा कि एक प्रशिक्षण मिशन के हिस्से के रूप में, आईएएफ सी-295 एमडब्ल्यू विमान ने हाल ही में हवाई अड्डे पर अपनी पहली लैंडिंग की। आईएएफ ने कहा, आंतरिक इलाकों से उड़ान भरने के बाद दूरस्थ स्थान पर उतरना, यह हमारे देश की हवाई क्षमताओं को बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

गौरतलब है कि भारत ने 2021 में 56 सी-295 विमानों के लिए एयरबस के साथ एक करार पर हस्ताक्षर किए थे और पिछले साल पहला विमान प्राप्त किया था। ये विमान भारतीय वायुसेना के बेड़े में ब्रिटिश मूल के एवीआरओ की जगह ले रहे हैं, जो 1960 के दशक में शामिल किया गया एक जुड़वा इंजन वाला टर्बोप्रॉप है। डील के मुताबिक, पहले 16 विमान स्पेन के सेविले में असेंबल किए जाएंगे। शेष 40 विमानों का निर्माण और असेंबल गुजरात के वडोदरा में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स (टीएएसएल) द्वारा किया जाएगा।

## प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गरीबों को एलपीजी सब्सिडी के लिए 12,000 करोड़ रुपए के परिव्यय को दी मंजूरी

**नई दिल्ली । आरएनएस**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वित्तवर्ष 2024-25 के दौरान प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के तहत गरीबों के लिए प्रतिवर्ष 12 रिफिल तक 300 रुपये प्रति 14.2 किलोग्राम एलपीजी सिलेंडर पर सब्सिडी जारी रखने को मंजूरी दे दी।

विततवर्ष 2024-25 के लिए कुल खर्च 12,000 करोड़ रुपये होगा। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, सब्सिडी सीधे पात्र लाभार्थियों के बैंक खातों में जमा की जाती है।

1 मार्च 2024 तक 10.27 करोड़ से अधिक पीएमयूवाई लाभार्थी हैं।



ग्रामीण और वंचित गरीब परिवारों को तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी), एक स्वच्छ खाना पकाने का ईंधन उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने गरीब घरों की वयस्क महिलाओं को जमा-मुक्त एलपीजी कनेक्शन प्रदान करने के लिए मई 2016 में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना शुरू की।

भारत अपनी एलपीजी जरूरत का लगभग 60 फीसदी आयात करता है। पीएमयूवाई लाभार्थियों को एलपीजी की अंतर्राष्ट्रीय कीमतों में तेज उतार-चढ़ाव के प्रभाव से बचाने और पीएमयूवाई उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी को अधिक किफायती बनाने के लिए सरकार ने मई 2022 में पीएमयूवाई उपभोक्ताओं को प्रतिवर्ष 14.2 किलोग्राम सिलेंडर पर 12 रिफिल तक 200 रुपये की सब्सिडी शुरू की (और 5 किलोग्राम कनेक्शन के लिए आनुपातिक रूप से आनुपातिक), जिससे उनके द्वारा एलपीजी का लगातार उपयोग सुनिश्चित किया जा सके।

अक्टूबर 2023 में सरकार ने प्रतिवर्ष 12 रिफिल तक (और 5 किलोग्राम कनेक्शन के लिए आनुपातिक रूप से) सब्सिडी को बढ़ाकर 300 रुपये प्रति 14.2 किलोग्राम सिलेंडर कर दिया। 1 फरवरी, 2024 तक पीएमयूवाई उपभोक्ताओं के लिए घरेलू एलपीजी की प्रभावी कीमत 603 रुपये प्रति 14.2 किलोग्राम एलपीजी सिलेंडर (दिल्ली) है।

पीएमयूवाई उपभोक्ताओं की औसत एलपीजी खपत 2019-20 में 3.01 रिफिल से 29 प्रतिशत बढक़र 2023-24 के लिए आनुपातिक रूप से 3.87 रिफिल (जनवरी 2024 तक) हो गई है। सभी पीएमयूवाई लाभार्थी इस सब्सिडी के लिए पात्र हैं।

## जम्मू-कश्मीर में हाईवे, रोपवे प्रोजेक्ट के लिए 2,093 करोड़ रुपए मंजूर

**नई दिल्ली । आरएनएस**

केंद्रीय सडक़ एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर में दो राजमार्गों का चौड़ीकरण और एक रोपवे परियोजना के लिए 2,093.92 करोड़ रुपए मंजूर किए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जम्मू और कश्मीर में राष्ट्रीय राजमार्ग-701 का राफियाबाद – कुपवाड़ा – चौकीबल – तंगधार – चामकोट खंड के चौड़ीकरण के लिए 1404.94 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं।



उन्होंने कहा कि पैकेज वन में इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) मोड पर बारामूला और कुपवाड़ा जिलों में प्रोजेक्ट बीकन के तहत क्रियान्वित इस पहल का लक्ष्य 51 किमी मार्ग को टू-लेन में बदलना है। यह राजमार्ग क्षेत्र में लॉजिस्टिक्स के लिए महत्वपूर्ण है। यह बारामूला और कुपवाड़ा जिलों को जोडऩे वाले रणनीतिक मार्ग का एक हिस्सा है।

गडकरी ने कहा कि श्रीनगर जिले में एसडीए पार्किंग (ज़बरवान पार्क के पास) से शंकराचार्य मंदिर तक 1.5 किमी रोपवे के विकास, संचालन और रखरखाव के लिए 126.58 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं।

मंत्री ने कहा, यह पहल हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल पर संचालित होती है, जिसमें मोनोकेबल डिटैचेबल गोंडोला (एमडीजी) तकनीक का उपयोग किया जाता है, जिसमें प्रति घंटे 700 व्यक्तियों को प्रति दिशा में परिवहन करने की क्षमता होती है। यह परियोजना श्रीनगर शहर और डल झील का मनोरम दृश्य प्रस्तुत करने एक सुरक्षित और सुविधाजनक परिवहन साधन प्रदान करने के लिए डिज़ाइन की गई है। यह विकलांग व्यक्तियों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए मंदिर तक आसान पहुंच सुनिश्चित करता है, जिससे यात्रा का समय लगभग 30 मिनट से घटकर लगभग 5 मिनट हो जाता है। इसके अतिरिक्त, यह परिवहन के लिए एक पर्यावरण-अनुकूल माध्यम के रूप में कार्य करता है। स्थानीय आबादी के लिए रोजगार के अवसर पैदा करता है और पर्यटन को बढ़ाकर क्षेत्र में आर्थिक लाभ लाता है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग-244 के नाशरी-चेनानी खंड के उन्नयन और सुदृढ़ीकरण परियोजना के लिए 562.40 करोड़ रुपये के आवंटन को भी मंजूरी दी गई है। उधमपुर और रामबन जिलों में 39.1 किमी तक फैली यह पहल राष्ट्रीय राजमार्ग (ओ) के तहत ईपीसी मोड पर संचालित होती है। सडक़ के सुधार से जम्मू के पर्यटन स्थल पटनीटॉप तक बेहतर कनेक्टिविटी की पेशकश की जाएगी, जिससे क्षेत्र के आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

## बूंद-बूंद को तरसा बेंगलुरु, वाहनों की धुलाई पर रोक; फव्वारे व बागवानी के लिए पानी के उपयोग पर लगी पाबंदी

**बेंगलुरु । आरएनएस**

बेंगलुरु जल आपूर्ति और सीवरेज बोर्ड (बीडब्ल्यूएसएसबी) ने बेंगलुरु में पानी के संकट के बीच वाहनों की धुलाई, फव्वारे और बागवानी के लिए पानी के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसका उल्लंघन करने पर पांच हजार रुपये के जुर्माने की घोषणा की है।

जारी आदेश में निर्माण गतिविधियों के लिए पानी के उपयोग, मनोरंजन के लिए बनाए गए फव्वारे, मॉल और सिनेमा हॉल में पीने के उद्देश्यों के अलावा पानी के अन्य उपयोग, सडक़ों की सफाई और अन्य सफाई कार्यों पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। बीडब्ल्यूएसएसबी के अध्यक्ष डॉ. राम वसंत मनोहर ने कहा, आदेश का उल्लंघन करने पर पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा और बार-बार उल्लंघन पर पांच हजार रुपये का जुर्माना और हर दिन 500 रुपये का अतिरिक्त जुर्माना लगाया जाएगा।

बीडब्ल्यूएसएसबी ने कहा है कि शहर में तापमान बढ़ रहा है और वर्षा की कमी के कारण भूजल स्तर नीचे चला गया है। लोगों को सलाह दी जाती है कि वे पानी बर्बाद न करें और विवेक से इसका उपयोग करें। बीडब्ल्यूएसएसबी ने नागरिकों से अपील की है कि यदि कोई आदेश का उल्लंघन करते दिखाई दे, तो बीडब्ल्यूएसएसबी के कॉल सेंटर पर शिकायत करें।

## जया किशोरी, मैथिली ठाकुर और आरजे रौनक को मिला नेशनल क्रिएटर्स अवॉर्ड, पीएम मोदी ने कई युवा हस्तियों को किया सम्मानित

**नई दिल्ली । आरएनएस**

राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारत मंडपम में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेशनल क्रिएटर्स अवॉर्ड प्रदान किए। नेशनल क्रिएटर्स अवॉर्ड प्राप्त करने वालों में कथावाचक जया किशोरी लोकगायिका मैथिली ठाकुर, आरजे रौनक समेत कई युवाओं के नाम शामिल हैं।



कथावाचक जया किशोरी को बेस्ट क्रिएटर फॉर सोशल चेंज कैटेगरी में सम्मानित किया है। वहीं, लोकगायिका मैथिली ठाकुर को कल्चरल एंबेसेडर ऑफ द ईयर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। पीएम मोदी ने इस दौरान ड्रू हिक्स को भी सम्मानित किया। उन्होंने ड्रू हिक्स को सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय रचनाकार पुरस्कार प्रदान किया।

आपको बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह अवॉर्ड 20 कैटेगरी में दिए हैं। इनमें बेस्ट स्टोरीटेलिंग से लेकर सेलिब्रेटी क्रिएटर ऑफ द ईयर, ग्रीन चैम्पियन अवॉर्ड, बेस्ट क्रिएटर फॉर सोशल चेंज, मोस्ट इम्पैक्टफुल एग्री क्रिएटर, कल्चरल एंबेसेडर ऑफ द ईयर, इंटरनेशनल क्रिएटर अवॉर्ड, बेस्ट ट्रैवल क्रिएटर, स्वच्छ एंबेसेडर अवॉर्ड, द न्यू इंडिया चैम्पियन अवॉर्ड, टेक क्रिएटर अवॉर्ड, हेरिटेज फैशन आइकॉन अवॉर्ड, मोस्ट क्रिएटिव क्रिएटर (मेल एवं फीमेल), बेस्ट क्रिएटर इन फूड कैटेगरी, बेस्ट क्रिएटर इन एजुकेशन कैटेगरी, बेस्ट क्रिएटर इन गेमिंग कैटेगरी, बेस्ट माइक्रो क्रिएटर, बेस्ट नैनो क्रिएटर, बेस्ट हेल्थ एंड फिटनेस क्रिएटर कैटेगरी है।

## नॉर्दर्न रेलवे ने तीन स्टेशन को बनाया पिंक स्टेशन, इन स्टेशन पर लोको पायलट, टेक्नीशियन, स्टेशन मास्टर व लोगों की सुरक्षा सहित सभी जिम्मेदारी महिलाओं पर

**नई दिल्ली । आरएनएस**

महिला दिवस के मौके पर रेलवे ने भी एक अच्छा कदम उठाया है। नॉर्दर्न रेलवे ने अपने तीन स्टेशन को आज के लिए पिंक स्टेशन बनाया है। इन स्टेशन पर लोको पायलट टेक्नीशियन, स्टेशन मास्टर से लेकर लोगों की सुरक्षा तक की जिम्मेदारी महिलाओं के कंधों पर होगी।

इस पहल की कोशिश महिलाओं के बराबर की भागीदारी दिखाने की है। इस दौरान दिल्ली के सफदरजंग रेलवे स्टेशन पर महिला लोको पायलट मालगाड़ी चलाती हुई दिखाई दी, जो एक बेहद ही कठिन काम है। स्टेशन का पूरा जिम्मा महिला स्टेशन मास्टर के कंधों पर ही है। स्ट्रेशन में एंट्री से लेकर टेक्नीशियन तक के काम की सभी जिम्मेदारी महिलाओं को दी गई है। नॉर्दर्न रेलवे ने आज अपने तीन स्टेशन को पिंक स्टेशन घोषित किया है जो महिलाओं के सम्मान में किया गया है।



रेलवे यह बताना चाहता है कि इन पिंक स्टेशन के जरिए महिलाओं की भागीदारी रेलवे में बराबर रखी गई है। टेक्निकल काम हो या लोको पायलट का काम, सभी काम महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कर रही हैं। नॉर्दर्न रेलवे ने मोहाली, फिरोजशाह और दिल्ली का सफदरजंग स्टेशन, पिंक स्टेशन घोषित किया है। इनमें लोको पायलट, प्वाइंट मैन, आरपीएफ, स्टेशन मास्टर, बुकिंग क्लर्क, गार्ड, ट्रेन मैनेजर सभी महिलाएं हैं।

नई दिल्ली डीआरएम सुखविंदर सिंह ने बताया कि महिला दिवस को लेकर नई दिल्ली रेलवे बहुत सारे कार्यक्रम चला रहा है जिनमें महिलाओं के लिए मेडिकल हेल्थ चेकअप कैंप, उनके लीगल राइट्स पर उनके लिए जागरूकता अभियान समेत नई दिल्ली के सफदरजंग स्टेशन को पिंक स्टेशन बनाया गया है। आज इसके पूरे परिचालन की जिम्मेदारी महिलाओं को ही दी गई है। स्टेशन मास्टर भी महिला हैं। सुरक्षा की जिम्मेदारी महिला जवानों पर है। पॉइंट्समैन की जगह आज महिलाकर्मी सिगनल बदलने से लेकर सभी टेक्निकल काम कर रही हैं।